तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कॉलेज पहुंची पुलिस, छात्रों को सिखाए कानून ...



10 बुलडोजर चला लेकिन कब्जा नहीं हटा, निगम की ...




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### बैटरी चोरी वाले तीन नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** खड़े वाहनों की बैटरी चोरी करने के मामले में तीन अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मंजित सिंह ने पुलिस में सीजी 07 बीजी 3995 से अज्ञात ने एक्साइड कंपनी की बैटरियां पार कर दिया है। पुलिस ने खोजबीन करने पर बैटरी पार करने वाले तीन अपचारी बालको को पकड़ा है। पूछताछ में अपचारी बालकों ने चोरी करना स्वीकार किया। घटना ट्रांसपोर्ट नगर रोड खुर्सीपार की है।

पुलिस ने 2 एक्साइड कंपनी की बैटरियां जब्त की गई। पुलिस मामले को लेकर आगे की जांच कर रही है।

### धारदार हथियार लहराकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर संजय नगर तालाब के पास शीतला तालाब के पास, सुपेला निवासी सुनील अक्षरी हथियार लेकर आने जाने वालों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने युवक के पास से पुलिस ने 9 इंच लंबाई का स्टील का बटनदार धारदार हथियार बरामद किया। युवक के पास से स्टील का बटनदार धारदार हथियार जिसकी कीमत 500 रुपए की जब्त की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकूओं हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जीआरपी भिलाई तीन ने बताया कि स्टोर पारा भिलाई तीन निवासी आरिफ शेख 20 वर्ष बाबा धाम पुरैना के पास मोहल्ले के सूरज शर्मा उसे देख लेने की धमकी दी। इस दौरान आरिफ भाउ दुकान आ गया कुछ देर बाद बडा पुरैना निवासी मनोज तांडी पीड़ित को सुलभ शौचालय के पास लेकर गया। जहां सूरज मिला और चाकू दिखाकर दो बार पेट में वार कर दिया। आरिफ बचते हुए बाबा धाम मंदिर के पास भाग निकला और झाड़ियों के बीच छिपा रहा। जहां पेट से उसका खून लगातार निकल रहा था। आसपास के लोगों की मदद से आरिफ को उपचार के लिए सुपेला स्थित निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

## मध्यवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ा, स्मार्ट मीटर की रीडिंग पर भी उठे सवाल

# कम खपत, फिर भी दोगुना बिल, अब अगस्त में फिर झटका बढ़े टैरिफ से हर 100 यूनिट पर 30 रुपए का नया बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पहले जून की भीषण गर्मी में बढ़ी बिजली खपत और अब जुलाई में कम खपत के बावजूद दोगुना बिजली बिल। ऊपर से 1 जुलाई से लागू नई टैरिफ दरों ने आम उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ा दी है। जिन परिवारों को हर महीने 600 से 800 रुपये तक बिजली बिल आता था, उनके हाथों में अब 2,500 से 3,000 रुपये तक के बिल पहुंच रहे हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा मार मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर पड़ रही है, जिनका मासिक बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि जून की अपेक्षा जुलाई में कूलर, एसी और पंखों का उपयोग भी कम हुआ, फिर भी बिल में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो गई। अब अगस्त में आने वाले बिल में नई टैरिफ दरों का असर जुड़ने से लोगों को एक और आर्थिक झटका लगने की आशंका है।

**हर 100 यूनिट पर 30 रुपये अतिरिक्त भुगतानः** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 1 जुलाई 2026 से नई बिजली दरें लागू कर दी गई हैं। औसतन करीब 6.5 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाई गई है। घरेलू उपभोक्ताओं के विभिन्न स्लैब में 30 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि की गई है। इसका सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। नई दरों के अनुसार हर 100 यूनिट बिजली खपत पर करीब 30 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

### स्मार्ट मीटर पर बढ़ रहा अविश्वास

स्मार्ट मीटर लगे कई उपभोक्ताओं ने रीडिंग को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि घर में बिजली उपयोग लगभग समान रहने के बावजूद प्रतिदिन 5 से 6 यूनिट तक अधिक खपत दर्ज हो रही है। इससे लोगों में स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली को लेकर संदेह बढ़ रहा है। उपभोक्ताओं ने इसकी तकनीकी जांच कराने और बिलों का सत्यापन कराने की मांग की है।



### नई घरेलू बिजली दरें

| खपत | पुरानी दर | नई दर |
|---|---|---|
| 0–100 यूनिट | 4.10 | 4.40 |
| 101–200 यूनिट | 4.20 | 4.50 |
| 201–400 यूनिट | 5.60 | 6.00 |
| 401–600 यूनिट | 6.60 | 7.00 |
| 601 यूनिट से अधिक | 8.80 | 9.20 |

### तीन महीने से लगातार बढ़ रहा बिजली का बोझ

उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले तीन महीनों से बिजली बिल लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले अतिरिक्त चार्ज, फिर गर्मी में अधिक खपत और अब नई टैरिफ दरों ने लोगों की जेब पर दोहरी मार डाल दी है। बिजली कार्यालयों में अधिक बिल आने की शिकायतें भी लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही है।

### मध्यवर्गीय परिवारों के सामने आर्थिक संकट

बढ़ते बिजली बिल ने सबसे अधिक असर मध्यमवर्गीय परिवारों पर डाला है। महंगाई के दौर में पहले से ही रसोई गैस, खाद्यान्न, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन का खर्च लगातार बढ़ रहा है। अब बिजली बिल में हजारों रुपये की बढ़ोतरी ने घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। कई परिवारों का कहना है कि अब उन्हें अन्य आवश्यक खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है।

### भुगतान नियमों में भी बदलाव, राहत कम

नई टैरिफ व्यवस्था में अग्रिम बिजली बिल जमा करने पर मिलने वाली छूट 1.25 प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दी गई है। वहीं, देर से भुगतान करने पर अब प्रतिदिन 0.04 प्रतिशत की दर से विलंब शुल्क लिया जाएगा। अस्थायी बिजली कनेक्शन लेने वालों के लिए भी शुल्क बढ़ा दिया गया है, जिससे निर्माण कार्य और आयोजनों का खर्च भी बढ़ेगा।

### विपक्ष ने किया विरोध, लेकिन लागू हो गई नई दरें

बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ विपक्षी दलों ने प्रदेशभर में प्रदर्शन और विरोध दर्ज कराया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। नियामक आयोग की नई टैरिफ व्यवस्था तय समय पर लागू कर दी गई और अब उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई दरों पर ही बिजली का भुगतान करना होगा।

### उपभोक्ताओं की मांग

बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा की जाए, स्मार्ट मीटरों की तकनीकी जांच कराई जाए और आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली दरों पर पुनर्विचार किया जाए।

## बेमेतरा में अवैध अप्रवासियों की तलाश तेज

# एसटीएफ का जिलेभर में सघन सत्यापन अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों एवं अवैध अप्रवासियों की पहचान के लिए बेमेतरा पुलिस ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार सघन जांच कर रही है। अभियान के तहत ईंट-भट्ठों, घुमंतु डेरों, होटल, ढाबों, लॉज तथा किराये के मकानों में रहने वाले लोगों के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

■ संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी टोल-फ्री नंबर दें

कार्रवाई के दौरान किरायेदारों और बाहर से आए मुसाफिरों की जानकारी 'समाधान ऐप' में भी अपलोड कराई जा रही है। पुलिस ने मकान मालिकों, होटल-लॉज संचालकों, वार्ड पार्षदों, सरपंचों और कोटवारों से बाहरी व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

पुलिस ने नागरिकों से भी कहा है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या बाहरी व्यक्ति के ठहरने की जानकारी तुरंत टोल-फ्री नंबर 1800-233-1905 पर दें। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखना तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

# सलधा में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का चातुर्मास महोत्सव 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का चातुर्मास व्रत अनुष्ठान महामहोत्सव 29 जुलाई से 26 सितंबर तक सपाद लक्षेश्वरधाम, सलधा में आयोजित होगा। दो माह तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, प्रवचन एवं विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

■ 26 सितंबर तक होंगे धार्मिक अनुष्ठान, गुरुपूर्णिमा से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक विविध आयोजन

दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने बताया कि सनातन परंपरा में संन्यासियों के चातुर्मास का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास का आयोजन कराने वाले श्रद्धालु को राजसूय और अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्यफल की प्राप्ति होती है। वर्तमान समय में ऐसे महायज्ञ संभव नहीं हैं, लेकिन संन्यासी के चातुर्मास का आयोजन कर वही पुण्य अर्जित किया जा सकता है। महामहोत्सव के दौरान 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा, 12 अगस्त को हरियाली पूजन, 14 अगस्त को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी का वर्धापन दिवस, 19 अगस्त को गोस्वामी तुलसीदास जयंती, 28 अगस्त को रक्षाबंधन तथा 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन से अधिकाधिक श्रद्धालुओं को जोड़ने और आमंत्रण देने के लिए मानस संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भारत साहू, संरक्षक अनिल सिंघानिया, कोषाध्यक्ष रामजी साहू, मनोज सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इस बीच दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती का 20 जुलाई को थानखम्हरिया नगर के भाटापारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आगमन होगा, जहां श्रद्धालु उनके दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

# बाजार चौक में देशी कट्टा लहराकर दहशत फैलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम खुडमुड़ी में गौठान के पास बाजार चौक में देशी कट्टा लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले दो आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खुडमुड़ी के बाजार चौक में एक युवक हाथ में देशी कट्टा लेकर लोगों को धमका रहा है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (आईपीएस) ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं एसडीओपी भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

■ खुडमुड़ी में पुलिस की त्वरित कार्रवाई



**घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा, तलाशी में मिला देशी कट्टाः** पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से बाजार चौक की घेराबंदी कर आरोपी तुषार निषाद (23 वर्ष), निवासी ग्राम खुडमुड़ी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही हथियार जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। **पूछताछ में खुला दूसरा नामः** प्रारंभिक पूछताछ में तुषार निषाद ने पुलिस को बताया कि यह देशी कट्टा उसे प्रतीक वैष्णव उर्फ दद्दू दाउ (41 वर्ष), निवासी नवागांव (खुडमुड़ी) ने दिया था। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतीक वैष्णव को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान प्रतीक वैष्णव ने बताया कि उसे यह देशी कट्टा अपने खेत की मेड़ के पास कनेर के पेड़ के समीप पड़ा मिला था। उसने हथियार को पुलिस के सुपुर्द करने के बजाय अपने पास रख लिया और बाद में तुषार निषाद को दे दिया।

### आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर शनिवार को विधिवत गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने के बाद दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई से किसी अप्रिय घटना की आशंका टल गई। सार्वजनिक स्थान पर अवैध हथियार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने जैसी घटनाओं के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में इन अधिकारियों और जवानों की रही महत्वपूर्ण भूमिका पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में संपन्न हुई। टीम में एएसआई रेशम लाल भास्कर, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक विजयेंद्र कश्यप, प्रधान आरक्षक रघुराज यदु तथा आरक्षक इन्द्रजीत पाण्डेय, सौरभ सिंह, शिव सेन, महेश जांगड़े, चूरावान पाल, मालिक राम सिन्हा, धनेश लहरे एवं दीपक डेहरे सहित थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## गड्ढों ने बढ़ाई मुश्किलेंः स्कूली बच्चों व राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल

# पानी से भरे खतरनाक गड्ढों में रोज फंस रहे वाहन, बरसात पूर्व मरम्मत पहली बारिश में बह गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर के सबसे व्यस्त मुख्य मार्ग इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढों और जलभराव के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। मुल्लू चौक, एसबीआई बैंक के सामने साजा रोड, भाठापारा चौक से लेकर बेमेतरा मार्ग और बस स्टैंड तक सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। बरसात का पानी गड्ढों में भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

नगर के सबसे व्यस्त मुल्लू चौक से प्रतिदिन हजारों वाहन बेमेतरा, साजा, कवर्धा, राजनांदगांव, रायपुर और आसपास के गांवों की ओर आते-जाते हैं। सड़क टूटने और बड़े गड्ढों के कारण यहां सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे अधिक खराब स्थिति एसबीआई बैंक के



सामने है, जहां करीब 20 से अधिक गड्ढों में पानी भरा हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां प्रतिदिन दो से चार बाइक चालक फिसलते या गिरते देखे जा सकते हैं। पिछले सप्ताह एक स्कूली छात्र भी हादसे में घायल हो गया था।

### स्कूली बच्चों के लिए बढ़ा खतरा

सुबह और दोपहर के समय जब सरकारी हाईस्कूल, कन्या स्कूल तथा निजी स्कूलों के छात्र-छात्राएं इस मार्ग से गुजरते हैं, तब स्थिति और गंभीर हो जाती है। निजी स्कूलों की बसें, साइकिल से आने वाले बच्चे और पैदल चलने वाले राहगीर पानी से भरे गड्ढों के बीच जोखिम उठाकर आवागमन करने को मजबूर हैं। तेज रफ्तार वाहनों से उछलता गंदा पानी भी स्कूली बच्चों के लिए अतिरिक्त परेशानी बन रहा है।

### पहली बारिश में बह गई मरम्मत

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बरसात शुरू होने से पहले लोक निर्माण विभाग ने स्टोन डस्ट, जीरो गिट्टी और मुरम डालकर केवल औपचारिक मरम्मत की थी। पहली ही बारिश में पूरी मरम्मत उखड़ गई और सड़क फिर बदहाल हो गई। लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात से पहले इसी तरह खानापूर्ति की जाती है, लेकिन टिकाऊ मरम्मत नहीं होने से कुछ ही दिनों में सड़क फिर खराब हो जाती है।

### रात में और बढ़ जाता है खतरा

त्रिमूर्ति चौक से आगे साजा रोड पर स्ट्रीट लाइट की कमी और पानी से भरे गड्ढों के कारण रात के समय दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय नागरिकों ने जल्द स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि तहसील क्षेत्र की कई लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं, जहां अब केवल पैचवर्क नहीं बल्कि व्यापक मरम्मत की आवश्यकता है।

## यातायात नियमों की अनदेखी पड़ी भारी

# 11 वाहन चालकों पर कार्रवाई 5,100 रुपए का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सड़क सुरक्षा को लेकर बेमेतरा पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत 11 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 5,100 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को चौकी मारो क्षेत्र में एक तथा यातायात शाखा बेमेतरा में 10 चालान काटे गए। तेज रफ्तार, बिना हेलमेट वाहन चलाना, तीन सवारी बैठाना, सीट बेल्ट नहीं लगाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना, खतरनाक ढंग से वाहन चलाना और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई की गई।

**खबर संक्षेप**

## सीबीआई जांच की मांग करने वाले स्क्रैप माफिया के सामने सरेंडर : शर्मा

**भिलाई।** आचार्य नरेंद्र स्मृति जन अधिकार अभियान समिति के संयोजक आरपी शर्मा ने आरोप लगाया है कि भिलाई स्टील प्लांट में स्टील, स्क्रैप चोरी मामले पर सीबीआई जांच की मांग करने वाले अब स्क्रैप माफिया के सामने सरेंडर हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि इस पूरे प्रकरण को लेकर देशभर में चर्चा हो रही है। इसी बीच मुख्य आरोपियों के बचाव के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जाने की भी बातें सामने आ रही हैं। मामले में सांसदों और विधायकों द्वारा सीबीआई जांच की मांग तो की गई है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या वास्तव में सीबीआई जांच कराने के लिए औपचारिक प्रक्रिया अपनाई गई है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि ऐसे कुछ लोग पर्दे के पीछे मुख्य आरोपियों को बचाने की कोशिश में संदिग्ध भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच की चर्चाओं के बीच आम लोगों में भी भ्रम की स्थिति बन गई है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर सीबीआई है कहां, क्या वह जांच कर लौट भी गई। यह जानकारी प्रबंधन क स्पष्ट करनी चाहिए।

## प्रदीप सोनी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के बने सदस्य



**भिलाई।** छत्तीसगढ़, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू और प्रदेश संगठन के प्रमुख किरण सिंह देव की सहमति से भिलाई के प्रदीप सोनी को पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। उनको सदस्य बनाए जाने पर मोहन सोनी, दलबीर सिंह, जयप्रकाश आर्य, चंद्र प्रकाश सोनी, चिन्ना राव, अशोक मिश्रा, अल्ताफ कुरेशी, हुकुमचंद गहलोत ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत छात्र संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**दुर्ग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पुरई में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक चंद्राकर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत करते हुए नए शैक्षणिक सत्र के लिए सभी बच्चों को बधाई व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12वीं तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवनिर्वाचित छात्र संघ के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाकर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया कि अनुशासन, लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करें। अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करें। आपका ज्ञान, संस्कार और परिश्रम ही आपको जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंचाएगा।

# चेक बाउंस के 449 मामलों का निराकरण, समझौता राशि रही 13.88 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला न्यायालय में चेक बाउंस के प्रकरणों को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। दंतेवाड़ा से हाईकोर्ट के न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने इसका वर्चुअल उद्घाटन किया। कुल 449 मामलों का निराकरण किया गया। करीब 13,88,05,129 की समझौता राशि रही। धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के तहत प्रकरणों को सुलह के लिए रखा गया। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त जिले के न्यायाधीशगण वर्चुअल माध्यम से जुड़े। सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित बैंकों से समन्वयपूर्वक कार्य करने की अपील की गई। दुर्ग जिले में कुल 15 खंडपीठ का गठन किया गया था, जिनके द्वारा कुल 1001 प्रकरण चिन्हांकित किए गए थे। लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण संवाद के माध्यम से विवादों का त्वरित, कम खर्चीला एवं स्थायी समाधान उपलब्ध कराना था।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की भावना के अनुरूप आयोजित इस विशेष लोक अदालत ने यह सिद्ध किया कि आपसी सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान न्याय प्राप्ति का सबसे प्रभावी एवं व्यवहारिक माध्यम है। इस विशेष लोक अदालत में अपेक्षित एवं उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुए, जिसके पीछे जिला स्तर पर की गई सुनियोजित रणनीति, सतत समन्वय एवं व्यापक पूर्व तैयारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा राठौर एवं अंजली सिंह की एक विशेष टीम गठित की गई थी। उक्त टीम द्वारा संबंधित अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें आपसी संवाद एवं समझौते के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, प्रकरणवार सतत अनुश्रवण एवं समन्वय के माध्यम से अधिकाधिक मामलों के सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु अथक एवं सराहनीय प्रयास किए गए।

### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने दंतेवाड़ा से किया वर्चुअल उद्घाटन



### सुलह के लिए पक्षकारों को किया गया प्रेरित

विशेष लोक अदालत की सफलता में मध्यस्थता केन्द्र की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। मध्यस्थ न्यायाधीशों द्वारा अनेक प्रकरणों में पक्षकारों को धैर्यपूर्वक समझाइश देकर, संवाद की सकारात्मक प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए आपसी सहमति का वातावरण निर्मित किया गया, जिसके फलस्वरूप अनेक मामलों में सफल समझौते संभव हो सके। मध्यस्थता केन्द्र की यह सक्रिय भूमिका विशेष लोक अदालत की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार सिद्ध हुई। जिला अधिवक्ता संघ का सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता रही। अधिवक्ताओं द्वारा अपने-अपने पक्षकारों को आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित करते हुए प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

### ऐसी लोक अदालतों से कोर्ट में कम होता है प्रकरणों का भार

विशेष लोक अदालत में दुर्ग जिले के विभिन्न विधि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता भी अत्यंत सराहनीय रही। विद्यार्थियों की यह सहभागिता न केवल उनके व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण अवसर बनी, बल्कि समाज में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के प्रति जागरूकता एवं विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में भी प्रभावी सिद्ध हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने इस विशेष लोक अदालत की सफलता में सहयोग प्रदान करने वाले सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, मध्यस्थ न्यायाधीशों, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार आपसी समझौते एवं संवाद की भावना को बढ़ावा देकर न्याय को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाया जाता रहेगा।

## रावणभाठा सुपेला में अधूरी रह गई कार्रवाई, कई व्यापारियों ने नहीं हटाया अतिक्रमण

# बुलडोजर चला लेकिन कब्जा नहीं हटा, निगम की कार्रवाई के अगले ही दिन फिर खड़े हुए छज्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई की ओर से रावणभाठा सुपेला में मंगलवार को चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान अगले ही दिन सवालों के घेरे में आ गया। निगम ने जिन व्यापारियों को स्वयं अवैध कब्जा हटाने के लिए मंगलवार रात तक का समय दिया था, उनमें से कई ने बुधवार तक भी अतिक्रमण नहीं हटाया।

मंगलवार 14 जुलाई को जोन-1 और जोन-2 की संयुक्त टीम ने रावणभाठा क्षेत्र में सड़क और नालियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की थी। इस दौरान कई दुकानों के सामने बने शेड, प्लेटफॉर्म और अन्य निर्माण तोड़े गए। कुछ व्यापारियों ने सामान हटाने और स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा, जिस पर निगम अधिकारियों ने मानवीय आधार पर मंगलवार रात तक की मोहलत दे दी। इसी दौरान मां पुस्तक भंडार के सामने किए गए अतिक्रमण का केवल एक हिस्सा ही हटाया गया। शेष अवैध कब्जा स्वयं हटाने के लिए समय दिया गया था, लेकिन शनिवार 18 जुलाई तक सड़क और नाली पर बना कब्जा जस का तस रहा। वहीं सरकारी स्कूल से लगी नाली के ऊपर वर्षों से व्यवसाय कर रहे पान ठेला, होटल सहित कुछ अन्य दुकानदारों को भी मंगलवार रात तक कब्जा हटाने का समय दिया गया था, लेकिन शुक्रवार तक इनमें से अधिकांश दुकानों के सामने अवैध निर्माण और कब्जे बने रहे। हैरानी की बात यह रही कि कार्रवाई के अगले ही दिन कुछ व्यापारियों ने फिर से अपने छज्जे और अस्थायी निर्माण लगाने शुरू कर दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार्रवाई के तुरंत बाद ही दोबारा कब्जा होने लगे तो पूरे अभियान का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

### लंबे समय बाद अतिक्रमण को लेकर हुई थी कार्रवाई



### चार नोटिस के बाद भी आदेश की अनदेखी

नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित व्यापारियों को पहली बार 7 मई 2025 को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद 20 मई 2025 और 30 मई 2025 को भी नोटिस देकर स्वेच्छा से कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए। लगातार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर 8 जुलाई 2026 को चौथी और अंतिम नोटिस जारी की गई, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि निर्धारित समय सीमा के बाद बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। मंगलवार 14 जुलाई को इसी अंतिम नोटिस के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई थी। हालांकि कुछ स्थानों पर दी गई अतिरिक्त मोहलत का लाभ उठाकर कई व्यापारियों ने अब तक कब्जा नहीं हटाया है। इसका सीधा असर न केवल सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

### इधर विधायक ने निगम अधिकारियों पर जताई नाराजगी

एक ओर जहां अवैध कब्जाधारियों को एक साल पहले ही तीन बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, वहीं मुख्यमंत्री सचिवालय के हस्तक्षेप और निर्देश के बाद मंगलवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। दूसरी ओर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने नाराजगी जताते हुए बरसात के मौसम में की गई इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित परिवारों और छोटे दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। विधायक ने यह भी कहा कि इतने बड़े स्तर की कार्रवाई से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि को विश्वास में लेना चाहिए था, लेकिन निगम अधिकारियों ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी और मनमाने तरीके से अभियान चला दिया। रिकेश सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना स्थानीय विधायक को जानकारी दिए और जनहित की अनदेखी करते हुए कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार निगम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

## निकुम सोसाइटी केन्द्र में गड़बड़ी का आरोप, किसान देंगे धरना



**दुर्ग।** सेवा सहकारी समिति निकुम में धान खरीदी में कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोपों को लेकर किसानों ने 20 जुलाई सुबह 11 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस संबंध में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की सूचना दी। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, नंदकुमार साहू, राजकुमार साहू, उत्तम धनकर, पिताम्बर यादव और रोमनाथ निर्मलकर शामिल थे। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सेवा सहकारी समिति निकुम में वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान धान खरीदी में लगातार अनियमितताएं हुई हैं। किसानों का कहना है कि तौल में कमी, भूसा के नाम पर कटौती और धान खरीदी में गड़बड़ी जैसी शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान वर्ष में धान की कमी पाए जाने के बाद एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्रकार के हस्तक्षेप के कारण समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष भैयालाल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसे किसानों में भारी नाराजगी है। पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने कहा कि किसानों को न्याय नहीं मिलने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई 2026 को सेवा सहकारी समिति निकुम परिसर में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। किसानों की मांग है कि धरना स्थल पर प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी पहुंचकर उनका ज्ञापन स्वीकार करे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करे। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, थाना प्रभारी अंडा तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंडा शाखा प्रबंधक को भी भेजी गई है।

# आज़ाद स्कूल में नशीली गोली खाकर सात बच्चे हुए बीमार, शिकायत के बाद मंत्री ने दिए जांच के निर्देश



**दुर्ग।** चंद्र शेखर आजाद स्कूल पंचशील नगर में करीब 7 बच्चों के कथित रूप से नशीली गोलियों के सेवन करने के बाद बीमार होने का मामला सामने आया है। बच्चों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। वर्तमान में सभी की स्थिति समान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एक छात्र द्वारा अन्य बच्चों को गोलियां दी गईं। उसके पास ये गोलियां कहां से आईं, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के बाद बीजेपी पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को दी। उन्होंने निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जामुल हॉस्पिटल में कुछ बच्चों का इलाजा भी कराया गया। उन्होंने घटना के वास्तविक कारणों का शीघ्र पता लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इधर मंत्री गजेंद्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष बलराम यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत चंद्राकर, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर यादव एवं सुदीप शर्मा उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल भी मिला पीड़ित बच्चों से



इस मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल भी पीड़ित बच्चों से मिलने पहुंचा। घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही पुलिस से मामले में जांच की मांग की। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण का सबसे सुरक्षित और पवित्र स्थान होता है। यदि जांच में यह तथ्य सामने आता है कि विद्यार्थियों तक नशीले पदार्थ पहुंचे हैं, तो यह केवल एक घटना नहीं बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और समाज के लिए अत्यंत गंभीर चेतावनी है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, उच्चस्तरीय एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से अपील कि इस संवेदनशील मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह डिकोला, प्रेमलता साहू, आनंद ताम्रकार, सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद, बिजेंद्र भारद्वाज, सुनीत घोष, पोषण साहू, आयुष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# अच्छी पहल : उद्यानिकी विभाग का निर्णय हर 100 वर्गमीटर भूमि पर लगाएंगे एक पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- नगर के उद्यानों के रखरखाव 10 लाख स्वीकृत

नगर निगम दुर्ग के पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग ने एक नई पहल की है, इसमें विभागीय समिति ने हर 100 वर्गमीटर जगह पर एक वृक्ष लगाने का निर्णय लिया है। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन पर प्रभारी काशीराम कोसरे के प्रस्ताव पर मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में पार्षद सावित्री दमाहे, कार्यपालन अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह एवं पुरषोत्तम साहू मौजूद थे। बैठक में शहर के पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा नगर के उद्यानों के रखरखाव एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। काशीराम कोसरे ने कहा कि समिति के समक्ष निकाय क्षेत्र एवं डिवाइडरों में पौधरोपण तथा पौधों की खरीदी से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए शासन द्वारा जारी 15वें वित्त आयोग एवं वायु गुणवत्ता सुधार मद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों में उपयुक्त स्थलों का चयन कर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने की अनुशंसा की। समिति ने कहा कि इस पहल से शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार होगा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न उद्यानों की साफ-सफाई, नियमित रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण पर भी विशेष चर्चा की गई। समिति ने शहर के उद्यानों को अधिक आकर्षक एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आवश्यक संधारण एवं उन्नयन कार्य कराए जाने की अनुशंसा की। इसके लिए उद्यान उन्नयन एवं संधारण मद से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया।



## पालक शिक्षण समिति का गठन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कर्मा विद्यालय भिलाई में पालक शिक्षण समिति का गठन किया गया। महासचिव आर लखेंद्र साहू ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कर्मा विद्यालय के विकास के साथ छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए सहयोग की अपील की। साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

पालक शिक्षण समिति में अध्यक्ष पार्वती राजपूत, उपाध्यक्ष रेवती व लोमश कुमार साहू, सचिव हरख राम साहू प्राचार्य, सहसचिव नंदनी साहू प्रधानपाठक, कोषाध्यक्ष भेमिन साहू सहायिका, क्रियाशील सदस्य क्षमा सोनी, संगीता, मीरा सोनी, सावित्री, राजेश्वरी साहू, पूनम देवांगन, गंगा वारदे, वंदना राहंगडाले बनाए गए। धनसाय साहू, ईश्वरी प्रसाद साहू, ज्ञानिक राम साहू सहित पालक व शिक्षक उपस्थित थे।

## सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास पर तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

# सूकर पालन आय वृद्धि का का बड़ा माध्यम, 70 कृषकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- वेटनरी कॉलेज अंजोरा में आयोजन

कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले वेटनरी कॉलेज अंजोरा में तीन दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ.सुशान्त पाल एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज गेंदले के कुशल नेतृत्व में सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर यह शिविर हुआ।

निदेशक शिक्षण डॉ. मंजू रॉय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. दुर्गा चौरसिया, निदेशक पंचगव्य/ बायोटेक्नोलॉजी डॉ. मीनू दुबे, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, डॉ. डीके जोल्हे, डॉ. दीप्ति किरण बरवा, डॉ. भानु, प्राध्यापकगणों एवं 70 प्रशिक्षणार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में सूकर पालन से जुड़ी जानकारी दी गई।

अधिष्ठाता एवं प्रभारी कुलपति ने वैज्ञानिक सूकर पालन को आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम बताते हुए बेहतर नस्लों के चयन, संतुलित पोषण एवं समय-समय पर टीकाकरण कराने पर बल दिया। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली जानकारी का नोट्स बनाए जो पशुपालन में मददगार सिद्ध होंगे। निदेशक शिक्षण डॉ.मंजू रॉय ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से सूकर पालन की वैज्ञानिक विधियॉ, उचित व्यस्थापन, प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं उद्यमिता विकास से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जावेगी, जिससे वे सूकर पालन को लाभप्रद स्वरोजगार के रूप में विकसित कर सकें।



### एमपी, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षक हुए शामिल

डॉ. रामचन्द्र रामटेके ने बताया कि इस प्रशिक्षण में उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 70 प्रशिक्षणार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों, युवाओं, पशुपालकों एवं उद्यमियों को आधुनिक सूकर पालन में वैज्ञानिक प्रबंधन, रोग नियंत्रण, पोषण, प्रजनन, पारंपरिक, प्राथमिक चिकित्सा, प्रगति शील किसान के साथ इंटरेक्शन, सूकर पालन की विभिन्न योजनाओं, बैंक लोन प्रोसेस की जानकारी एवं सूकर फार्म, विभिन्न फार्म, चारा उत्पादन ईकाई की जानकारी एवं स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना भगत एवं डॉ. शबीर अनंत द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### विजय शर्मा ने किया पौधारोपण, हजारों लोगों के साथ दिया हरियाली का संदेश

# उप मुख्यमंत्री ने कहा- 50 सीटों के साथ इसी सत्र से शुरू होगा मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को अपने जन्मदिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित वृक्षारोपण महाअभियान-2026 में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूल के विद्यार्थियों, स्काउट-गाइड, एनसीसी कैडेट्स, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, शहरवासियों और ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में पौधे लगाए। महाअभियान के दौरान मेडिकल कॉलेज परिसर में फलदार सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

विजय शर्मा ने मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित वृक्षारोपण महाअभियान में पौधारोपण करते हुए कहा कि कवर्धा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज केवल एक भवन नहीं, बल्कि जिले की आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा ऐतिहासिक कार्य होगा, जिसे लोग आने वाले सौ वर्षों तक शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए रखेगा। आज उसी संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और आज परिसर की चारों दिशाओं में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। यह प्रदेश के सबसे तेज गति से बन रहे मेडिकल कॉलेजों में से एक है। उन्होंने अधिकारियों से निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए सतत प्रयास करने कहा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी शैक्षणिक सत्र से मेडिकल कॉलेज का संचालन 50 सीटों के साथ प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा का अवसर मिलेगा तथा स्वास्थ्य सेवाएं भी मजबूत होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कवर्धा के सभी चिकित्सक मेडिकल कॉलेज के सफल संचालन और विकास के लिए सहयोग देने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्य किया गया, उसी प्रकार समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित कर मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण भी वर्ष 2027 जुलाई तक पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कार्य तय समय-सीमा और संकल्प के साथ किया जाए तो लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है।






## समाज के हर वर्ग ने वृक्षारोपण महाअभियान में निभाई भागीदारी

श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा में सियान सदन का निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयोगी सुविधा सिद्ध होगा। वृक्षारोपण महाअभियान में वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया। महाअभियान में व्यापारी संघ, अधिवक्ता संघ, बोल बम समिति, स्वामी विवेकानंद एकेडमी, प्राइवेट स्कूल संघ, प्रभात फेरी समूह, कार पेंटर संघ, राज मिस्त्री संघ, सेलून संघ, होटल व्यापारी संघ, राईस मिल संघ, नवजीवन रक्तदान समिति, लायंस क्लब, होटल व्यापारी संघ, गुड़ फैक्ट्री के संघ के प्रतिनिधि, यूथ क्लब, स्वच्छता दीदियां, सब्जी विक्रेता संघ, ठेकेदार संघ, समाज प्रमुख तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, डॉ. वीरेन्द्र साहू, नितेश अग्रवाल, पूर्व विधायक सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, लोकचंद साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# मासिक बैठक में संगठन विस्तार की बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया की मासिक बैठक रविवार को वार्ड क्रमांक 17 स्थित गुप्ता सामुदायिक भवन, दुर्जाबंद मोहल्ला में ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने तथा जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि पिछले महीने किए गए संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई है।

उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर व्यापक स्तर पर जनहित के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मैं नहीं हम की भावना के साथ कार्य करते हुए जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का आह्वान किया।

बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर भी चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए संगठनात्मक स्तर पर रणनीति बनाने पर सहमति बनी। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राधेलाल भास्कर, काशीनाथ ठाकुर, गुरुदत्त शर्मा, सुभाष पुरी गोस्वामी, गौतम शर्मा, संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष खोवाराम भास्कर, साधु कोठारी, संतोष चंद्रवंशी, महामंत्री राजकुमार अनंत, संजू तिवारी, लक्ष्मीनारायण साहू, शैलेन्द्र गुप्ता, चंद्रशेखर साहू, रवि मानिकपुरी, पार्षद सुनील ठाकुर, राजकिरण सिंह, चंद्रभान टंडन, मुकेश सांवरा, दिलीप चंद्रवंशी, शिवकुमार मरावी, शारदा सोनवानी, शालिनी लहरे, अंजू बर्मन, रामलाल चंद्राकर, धनसिंह, अर्जुन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नाऊडीह के किसानों ने अपनाया वैज्ञानिक तरीका, ड्रोन से किया छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के किसान अब पारंपरिक खेती को छोड़ वैज्ञानिक और आधुनिक पद्धतियों को अपना रहे हैं। जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर विकासखंड कवर्धा के ग्राम नाऊडीह में किसानों ने गन्ने की फसल को सुरक्षित रखने और बंपर उत्पादन के लिए एक अनूठा प्रयोग शुरू किया है। यहां के प्रगतिशील किसान अब गन्ने के खेतों में कीटनाशक और खाद के छिड़काव के लिए मजदूरों के भरोसे रहने के बजाय ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे न सिर्फ समय की बचत हो रही है बल्कि मजदूरों की किल्लत से भी बड़ी राहत मिली है। ग्राम नाऊडीह के किसान छवि वर्मा ने अपने खेत में गन्ने की नई किस्म सीओ 13374 लगाई है। इस फसल को खतरनाक पोका बोइंग रोग से बचाने के लिए उन्होंने 2 एकड़ खेत में ड्रोन के जरिए फंगीसाइड और बेंजोएट फिप्रोनिल कॉम्बो दवा का प्रति एकड़ 500-500 उस की दर से छिड़काव कराया।



इसके साथ ही उन्होंने अपनी 8 एकड़ की एक अन्य गन्ने की फसल 085 किस्म में नैनो यूरिया, माइक्रोन्यूट्रिएंट और ग्रोथ प्रमोटर का भी ड्रोन से स्प्रे कराया है। छवि वर्मा के इस सफल प्रयोग को देखकर गांव के अन्य किसान भी इस वैज्ञानिक पद्धति की ओर आकर्षित हो रहे हैं। गांव के किसान जलेश्वर वर्मा ने 8 एकड़, राम प्रसाद वर्मा ने 7 एकड़ और जगन्नाथ वर्मा ने 1 एकड़ गन्ने की फसल में ड्रोन से स्प्रे कराया है। किसान अब वैज्ञानिक तरीके से खेती कर फसलों को समय पर परिपक्व करने और उत्पादन बढ़ाने में जुट गए हैं।

लागत कम, राहत ज्यादा किसानों ने बताया कि ड्रोन से छिड़काव कराना बेहद किफायती और आसान है। प्रति एकड़ सिर्फ 400 का खर्च आता है। गन्ने की फसल जब बड़ी हो जाती है तो उसमें घुसकर हाथ से दवा छिड़काव मजदूरों के लिए बेहद मुश्किल और जोखिम भरा होता है। ड्रोन तकनीक ने इस समस्या को जड़ से खत्म कर दिया है।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भावना से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया

कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति पंडरिया परिक्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विधायक निवास कार्यालय रणवीरपुर में उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज के सामाजिक विकास और उत्थान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने विधायक भावना बोहरा का पुष्पगुच्छ एवं शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। विधायक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर समिति के परिक्षेत्र अध्यक्ष कुमार रजक, परिक्षेत्र सचिव डॉ. राधेलाल निर्मलकर, परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष रामश्रय निर्मलकर, पूर्व अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद निर्मलकर, पूर्व संरक्षक मोहन निर्मलकर, पूर्व कोषाध्यक्ष ऋषि निर्मलकर, कार्तिक निर्मलकर, सरपंच जेठूराम निर्मलकर, सरपंच नरेंद्र निर्मलकर एवं युवा जिलाध्यक्ष परसोत्तम निर्मलकर उपस्थित थे।

# विजय शर्मा से मिले टीचर्स एसोसिएशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय उपमुख्यमंत्री कार्यालय में छग शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई देते हुए उत्तरोत्तर उन्नति की शुभकामनाएं दिया।

ज्ञातव्य हो कि टीचर्स एसोसिएशन की टीम ने विगत 6 जून को भी उपमुख्यमंत्री से उनके निवास में मुलाकात कर संविलियन से शिक्षा विभाग में आए शिक्षकों के पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ देने तथा शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए विभागीय टेट अर्थात शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजन की मांग प्रमुखता से रखा था, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने शिक्षक हित में इन दोनों मुद्दों पर आवश्यक पहल करने आश्वस्त किया था।

इस चर्चा के बाद उनके जन्मदिन पर पुनः मुलाकात किया गया है। इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, सुशील चन्द्रवंशी, राजेश गुप्ता, शिव धुर्वे, लक्ष्मण मिरी, राजेन्द्र तलवरे, रामसिंह धुर्वे, राजेन्द्र निर्मलकर, बद्री चन्द्रवंशी, भागवत कौशिक, हुक्मीचंद धुर्वे, सुरेश मरकाम, पुष्पराज कुर्रे, संदीप शर्मा, भानुप्रकाश मिश्रा, विजय लांझियाना, नंदकुमार सोनी, अमरनाथ गुप्ता, तिजऊ निर्मलकर उपस्थित थे।

### तहसील एवं बिजली कार्यालय का किया घेराव

# युवा कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

जिला युवा कांग्रेस कबीरधाम के नेतृत्व में कुंडा बस स्टैंड में आयोजित बिजली दो न्याय दो एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन एवं जनआंदोलन में क्षेत्र की जनता का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। किसानों, युवाओं, महिलाओं, छात्रों एवं आम नागरिकों की भारी भागीदारी के साथ यह आंदोलन बिजली संकट सहित क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आयोजित किया गया, जिसने पूरे कुंडा क्षेत्र में जनआक्रोश की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत की।

धरना-प्रदर्शन में वक्ताओं ने स्मार्ट मीटर, बढ़ते बिजली बिल, अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, किसानों के खेतों की विद्युत आपूर्ति में प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक होने वाली कटौती सहित बिजली विभाग की अव्यवस्थाओं पर कड़ा विरोध जताया। इसके साथ ही खाद-बीज संकट, जर्जर सड़कें, तहसील में लंबित राजस्व प्रकरण, राशन वितरण की अनियमितता, बंद नल-जल योजनाएं, पेयजल संकट, बढ़ती महंगाई एवं अन्य जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। वही धरना-प्रदर्शन के पश्चात विशाल जनआक्रोश रैली नारेबाजी करते हुए कुंडा तहसील एवं बिजली विभाग कार्यालय के घेराव के लिए रवाना हुई। आंदोलन को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा दो स्थानों पर बैरिकेडिंग कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने पहले बैरिकेड तक पहुंचकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जहां पुलिस एवं आंदोलनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी।

दूसरे बैरिकेड पर रैली को रोक दिए जाने के बाद आंदोलनकारी वहीं धरने पर बैठ गए और घंटों तक जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इसके उपरांत प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख मांगों में बिजली संकट का स्थायी समाधान, स्मार्ट मीटर पर रोक, बिजली बिलों में राहत, अघोषित बिजली कटौती समाप्त करने, किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जर्जर सड़कों का निर्माण, खाद-बीज की उपलब्धता, लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई व समाधान करने की मांग की गई।



## मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर

ज्ञापन सौंपने के बाद आंदोलनकारी पुनः कुंडा बस स्टैंड पहुंचे, जहां प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की समस्याओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जबकि जनता बिजली, सड़क, पानी और मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में इससे भी बड़ा लोकतांत्रिक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस विशाल जनआंदोलन में जिला युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, इंटक कांग्रेस, एसटी, ओबीसी एवं मजदूर कांग्रेस सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल एवं सेक्टर पदाधिकारी, बूथ कार्यकर्ता, वरिष्ठ कांग्रेसजन तथा हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पिंक पेट्रोलिंग ने छेड़छाड़ करते दो युवकों को पकड़ा

**भिलाई।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जिलेभर में पिंक पेट्रोलिंग अभियान शुरू की गई है। मामले में विद्यालय परिसर में मदिरा सेवन करने वाले दो आरोपी और छात्रा से छेड़छाड़, मारपीट, धमकी देने वाला एक आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पचरीपारा दुर्ग निवासी मोनूदास मानिकपुरी,रावणभाठा सुपेला शेख साहिल, अंजोरा ग्राम खपरी आशीष कुमार यादव को पकड़ा गया है। इनके खिलाफ पुलिस ने धारा 78, 74, 126(2), 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों के पास से दो पहिया वाहन जब्त किया है।

### अवैध गांजा बेचने वाला अपचारी बालक बंदी

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले अपचारी बालको को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर 2.210 किलोग्राम गांजा और स्कूटी के साथ अपचारी बालक को सेक्टर 6 से पकड़ा गया। गांजा की कीमत 2 लाख 240 रुपए आंकी गई है। गांजा रखकर गराहक की तलाश अपचारी बालक कर रहे थे। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 2.210 किलोग्राम अवैध गांजा और स्कूली जब्त किया है।

### शराब का कारोबार करने वाले 21 को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले 21 लोगों को 11 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 18 अलग-अलग क्षेत्रों से शराब तस्करों को पकड़ा गया। पुलिस ने नंदिनी नगर बिरेभाठ निवासी प्रमिला बाई,ग्राम कोमा रनचिरई उतई जागेश्वर प्रसाद गायकवाड़, पहडोंर सतीश कुमार यादव,रूपनारायण वर्मा, राजकुमार ठाकुर, सुमन विश्वकर्मा, परसाही उतई देवेन्द्र कुर्रे उर्फ गोलू, बावापारा उतई लीलाधर साहू,बसंत ठाकुर, कुमली जामगांव आर कुनाल उर्फ कुन्दन साहू,गराम सांकरा अमलेश्वर तिलक सिंगौर,ग्राम ढौर जामुल तोप सिंह, कसारीडीह पदमनाभपुर तन्नू झा,बब्बर मरकाम, देवार नेवई बस्ती विजय तेलासी, चंदखुरी पुलगांव सोमेश चन्द्राकर,बघेरा दुर्ग मुकेश चौधरी, सराथी मोहल्ला दुर्ग हरीश सारथी, दानीकोकड़ी, धमधा नोहर निषाद, सिरनाभाठा, धमधा ओमकार तिवारी, चिंगरीपारा, सुपेला कन्हैया चौहान को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 590 पौवा अवैध शराब, जिसकी कीमत 60 हजार 550 और 9 वाहन, की कीमत 4.50 लाख 550 रुपए की जब्त हुई है। पुलिस ने नंदिनी नगर, उतई, जामगांव (आर), अमलेश्वर, जामुल, पद्मनाभपुर, नेवई, पुलगांव, दुर्ग, धमधा, सुपेला थाना क्षेत्र से तस्करों को पकड़ा है।

## 'हमर पुलिस हमर गांव' अभियान के तहत नवागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम

# कॉलेज पहुंची पुलिस, छात्रों को सिखाए कानून और साइबर सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



■ नए आपराधिक कानूनों से लेकर ऑनलाइन ठगी तक पर दी अहम जानकारी

पुलिस केवल अपराधियों पर कार्रवाई करने वाली संस्था ही नहीं, बल्कि समाज की मित्र और मार्गदर्शक भी है। इसी सोच को साकार करते हुए बेमेतरा पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग अभियान /"हमर पुलिस हमर बजार/" एवं हमर पुलिस हमर गांव के तहत शनिवार को कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नए आपराधिक कानून, साइबर अपराध, यातायात नियम, नशा मुक्ति और नागरिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान नवागढ़ थाना पुलिस ने विद्यार्थियों को बताया कि पुलिस का सबसे बड़ा दायित्व जनता की सुरक्षा और सहायता करना है। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हमेशा नागरिकों के साथ खड़ी रहती है। विद्यार्थियों को कानून की जानकारी देकर उन्हें अपराधों से बचाव और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

**नए कानूनों को आसान भाषा में समझाया:** पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रमुख प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी। साथ ही बताया कि पुराने कानूनों की जगह लागू हुए इन नए कानूनों का उद्देश्य न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाना है।

### साइबर ठगी से बचने के बताए आसान उपाय

डिजिटल दौर में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस ने फर्जी लिंक, ओटीपी शेयर करने की गलती, सोशल मीडिया पर अजनबियों से दोस्ती, साइबर बुलिंग, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगी और फोटो के दुरुपयोग से बचने के उपाय बताए। विद्यार्थियों से कहा गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों या पुलिस को दें।

### ट्रैफिक नियमों के पालन का लिया संकल्प

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ज़ेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाने के नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की जिंदगी सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है।

### शिक्षकों ने की सराहना

महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने इस पहल को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में कानून के प्रति सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों ने भी पुलिस अधिकारियों से विभिन्न कानूनी और साइबर सुरक्षा संबंधी सवाल पूछे, जिनका विस्तार से समाधान किया गया। कार्यक्रम में सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्रिय, प्रधान आरक्षक राजीव शर्मा, थाना नवागढ़ का पुलिस स्टाफ, नगर पंचायत नवागढ़ के प्रतिनिधि, महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोसपातर में आज होगा मां शीतला जुड़वास महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बारगांव



■ सांग-बाना और जस झांकी रहेंगी आकर्षण का केंद्र

ग्राम कोसपातर (बारगांव) में सोमवार को ग्रामवासियों के सहयोग से मां शीतला जुड़वास महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष पहली बार पूरा आयोजन ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से हो रहा है, जिसे लेकर गांव में उत्साह का माहौल है।

शीतला समिति के प्रमुख समीर वर्मा ने बताया कि सुबह 8 बजे पंडित बोसेन्द्र पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन एवं जुड़वास की धार्मिक रस्में संपन्न होंगी। इसके बाद सुबह 10 बजे सेवागीत एवं भजन-कीर्तन की प्रस्तुति होगी। वहीं 11 बजे लगभग 40 सदस्यीय सांग-बाना परिवार सिमगा एवं जस झांकी परिवार सुंगेरा द्वारा आकर्षक धार्मिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगी।

भाजपा सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा एवं पूर्व उपसरपंच तखत साहू ने बताया कि आयोजन में गांव के सभी वर्गों के लोग सहभागिता करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

**मां शीतला के जुड़वास का धार्मिक महत्व:** गांव के प्रमुख विजय पारख ने बताया कि आषाढ़ मास में मनाया जाने वाला मां शीतला का जुड़वास छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर माता को 'बाना' यानी बासी भोजन का विशेष भोग अर्पित किया जाता है। चावल, दही, बड़ी तथा स्थानीय व्यंजनों से तैयार प्रसाद माता को समर्पित कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि तथा संक्रामक रोगों से रक्षा की कामना की जाती है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर माता के मंदिर में विशेष कुंडारे लगाकर बाना का प्रसाद भी चढ़ाते हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि मां शीतला की आराधना से परिवार में सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस कारण हर वर्ष आयोजित होने वाले इस पर्व का क्षेत्र के लोगों में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है।

# राजा गुरु बालकदास जयंती पर 18 अगस्त को निकलेगी विशाल शोभायात्रा



**नवागढ़।** सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र एवं राजा गुरु बालक दास की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 18 अगस्त को सतनाम भवन, नवागढ़ से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बेमेतरा में संपन्न होगी।

इस आयोजन की तैयारियों तथा 16 अगस्त को प्रस्तावित रक्तदान शिविर एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए विधानसभा एवं ब्लॉक स्तरीय बैठक नवागढ़ में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, जिम्मेदारियों और आयोजन को सफल बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समाज के प्रमुखजन, पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा साथी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने एकजुट होकर आगामी आयोजनों को भव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

बैठक के दौरान समाज के लोगों ने मनखे-मनखे एक समान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया।

# एमसीटीएम एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी, यात्रियों ने तीन बार की चेन पुलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार की सुबह उधमपुर से दुर्ग पहुंची शहीद कैप्टन तुषार महाजन (एमसीटीएम) दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को पूरी रात परेशानी झेलनी पड़ी। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री के मुताबिक जब काफी देर तक समस्या दूर नहीं हुई तो सभी ने रेलवे कर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद भी राहत नहीं मिलने पर रास्ते में तीन बार चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी गई।

हर बार रेलवे कर्मी तकनीकी खराबी ठीक करने की कोशिश की, लेकिन एसी और लाइट की समस्या ठीक नहीं हो पाई। ट्रेन चलने के कुछ ही देर बाद कई कोचों की एसी और लाइट बंद हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कोचों में गर्मी और उमस बढ़ गई। परेशान यात्रियों ने रास्ते में तीन बार चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई। रेलवे कर्मियों ने हर बार खराबी दूर करने का प्रयास किया। लेकिन व्यवस्था नहीं सुधर पाई। उसलापुर तक सफर करने वाले यात्री ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर शेयर किया है। वीडियो में कोच के अंदर अंधेरा, गर्मी से परेशान यात्री, खड़ी महिलाएं और तकनीकी खराबी ठीक करने में जुटे रेलवे कर्मी दिखाई दे रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद यात्रियों की परेशानी चर्चा की विषय बन गई है। ट्रेन 20848 गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 12.10 बजे जम्मू-कश्मीर के उधमपुर स्थित शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन से रवाना हुई थी। ट्रेन चलने के करीब आधे घंटे बाद ही एसी और लाइट बंद हो गई। कोचों में अंधेरा और गर्मी बढ़ने लगी। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हुई। कई यात्री पूरी रात सो नहीं सके। कुछ लोग अपनी बर्थ छोड़कर कोच के दरवाजे और गेट के पास खड़े रहे ताकि थोड़ी हवा मिल सके।

### डेढ़ घंटे लेट दुर्ग पहुंची ट्रेन, यात्री परेशान

यात्रियों ने सिर्फ ट्रेन कर्मियों से शिकायत ही नहीं की, बल्कि रेलवे के टोल फ्री नंबर पर तक कई बार कॉल किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। बावजूद सफर कर रहे यात्रियों की परेशानी पूरी रात भर थी। यात्रियों का आरोप है कि झांसी के बाद कुछ सुधार हुआ, लेकिन इसके बाद फिर एसी और लाइट ठीक तरह से काम नहीं किया। पूरी रात एसी और लाइट बंद रही। ट्रेन में पानी तक की सही व्यवस्था नहीं थी। यात्रियों ने कई बार शिकायत, ट्वीट और टोल फ्री नंबर पर कॉल भी किया। जब कोई राहत नहीं मिली तो तीन बार चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकनी पड़ी। तकनीकी खराबी और बार-बार ट्रेन रुकने का असर समय पर भी पड़ा। उधमपुर से दुर्ग आने वाली यह सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने तय समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से शनिवार सुबह दुर्ग स्टेशन पहुंची। यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि लंबी दूरी की ट्रेनों में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए तकनीकी जांच और रखरखाव की व्यवस्था होनी चाहिए।

# मां बंजारी धाम में 'पहल' सामाजिक संस्था का पौधारोपण अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील क्षेत्र भिंभौरी की सक्रिय 'पहल' सामाजिक संस्था ने रविवार को ग्राम सिलघट स्थित माँ बंजारी धाम परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। संस्था के सदस्यों ने मंदिर प्रांगण एवं मुख्य मार्ग (अकोली-खुड़मुड़ा नाला) के समीप आम, पीपल, बरगद और बेल के पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि 'पहल' सामाजिक संस्था प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करती है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

वृक्षारोपण अभियान में संजय निषाद, ज्ञानदेव वर्मा, राजेंद्र वर्मा, देवलाल सिन्हा, सालिक राम साहू, कमलेश वर्मा, भरत साहू, दुर्जन यादव, अरमान धीवर और धरम धीवर सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने का संदेश दिया।

# खून की कमी से निपटने की तैयारी, संस्थाओं को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग मदर ब्लड बैंक में खून की कमी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर खून नहीं मिल पर जिला प्रशासन खुद मैदान में उतर आया है। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस गंभीर मुद्दे पर हाई लेवल बैठक बुलाकर बड़ा फैसला लिया है। अब जिले में बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक रक्तदान अभियान चलाया जाएगा।

स्कूल, कॉलेज, पुलिस विभाग, उद्योग, सामाजिक संस्थाएं, प्रेस क्लब, अधिवक्ता संघ और सरकारी कार्यालयों को रक्तदान शिविर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कलेक्टर से साफ कहा है कि जिले के ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी मरीज की जान सिर्फ खून की कमी से न जाए।


रक्तदान दिवस पर विशेष : सरकारी अस्पतालों में रक्तदाताओं की कमी बनी बड़ी वजह
ब्लड स्टोरेज यूनिट बनी शोपीस, दुर्ग जिले के सरकारी अस्पतालों में खून का संकट
सरकारी और निजी ब्लड सेंटरों के लिए निर्धारित है अलग-अलग शुल्क
रक्तदान जनता का, फायदा निजी ब्लड बैंकों को, इधर जिला अस्पताल में ब्लड संकट

जिले में रक्त की उपलब्धता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला दुर्ग के अध्यक्ष अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस विभाग, शासकीय कार्यालयों, कर्मचारी संगठनों, राजनीतिक दलों, प्रेस क्लब, अधिवक्ता संघ और औद्योगिक संस्थानों के सहयोग से नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी, पाटणकर जिला प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ. शरद पाटणकर, रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के प्रभारी अधिकारी डॉ. एसआर चुरेंद्र आदि उपस्थित थे।

### एक साल में 9062 यूनिट रक्त संग्रहित

अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक जिला अस्पताल दुर्ग के मदर ब्लड बैंक में कुल 9,062 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था। रक्त संग्रह बढ़ाने के लिए इस दौरान 64 रक्तदान शिविर भी आयोजित किए गए। ब्लड बैंक के आंकड़ों के अनुसार स्वैच्छिक रक्तदाताओं से 5,044 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ, बाहर लगाए गए रक्तदान शिविरों से 3,770 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### कलेक्टर ने संस्थाओं से मांगा सहयोग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक संस्था अपने सुविधा अनुसार जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक अथवा अपने परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर सकती है। शिविरों में लोगों को यह भी बताया जाएगा कि कौन रक्तदान कर सकता है, रक्तदान के क्या लाभ हैं और किन सावधानियों का पालन करना आवश्यक है। बैठक में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आएं और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

## टीएलपीएस-2025 रिपोर्ट पर एससीईआरटी रायपुर में राज्यस्तरीय कार्यशाला

# बच्चों को घर-परिवार की भाषा में पढ़ाने पर जोर, बुनियादी शिक्षा मजबूत करने की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ डाइट बेमेतरा के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर में टीचिंग लर्निंग प्रैक्टिस सर्वे (टीएलपीएस)-2025 की रिपोर्ट के विश्लेषण पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश के सभी डाइट संस्थानों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डाइट बेमेतरा से प्राचार्य जे.के. घृतलहरे के निर्देशन में वरिष्ठ व्याख्याता जी.एल. खुटियारे और थलज कुमार साहू शामिल हुए। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत किए बिना शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव संभव नहीं है। टीएलपीएस-2025 के माध्यम से पहली-दूसरी कक्षा में भाषा और गणित की शिक्षण प्रक्रिया, शिक्षकों की गतिविधियों, संसाधनों, प्रशिक्षण और बच्चों के अधिगम का व्यापक मूल्यांकन किया जा रहा है। यह सर्वे प्रत्येक दो वर्ष में किया जाएगा।

एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जे.पी. रथ ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा ही बच्चे के व्यक्तित्व और सोच की आधारशिला होती है। उन्होंने शिक्षकों से आत्ममूल्यांकन की संस्कृति विकसित करने और शिक्षा तंत्र से बेहतर समन्वय बनाने का आह्वान किया।

पद्मश्री महेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक बच्चों की जरूरत और उनकी सीखने की क्षमता को समझकर शिक्षण सामग्री तैयार करता है। वहीं बहुभाषी शिक्षा विशेषज्ञ संजय गुलाटी ने जोर देते हुए कहा कि बच्चों को उनके घर-परिवार और स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाए, ताकि वे सहजता से सीख सकें और कक्षा में सक्रिय भागीदारी करें।

एससीईआरटी के सुशील राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा एवं स्थानीय भाषा में शिक्षण की अनुशंसा करती है। उन्होंने चिंता जताई कि अधिकांश शिक्षक बच्चों की भाषा जानते हुए भी कक्षा में उसका पर्याप्त उपयोग नहीं करते।

एलएलएफ नई दिल्ली की शुभ्रा सेन ने सीखने की खाई (लर्निंग गैप) को दूर करने पर बल दिया, जबकि शबनम खान ने प्रशिक्षण के बाद प्रभावी मॉनिटरिंग और विद्यालयों में टीएलएम के बेहतर उपयोग की आवश्यकता बताई।

कार्यशाला में टीएलपीएस-2025 की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। संचालन उमा साहू एवं मुकेश सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डेकेश्वर वर्मा ने किया। डाइट जशपुर के प्राचार्य एम.जेड. सिद्दीकी, डाइट बस्तर के प्राचार्य स्टेनली जॉन और पुष्पा शुक्ला ने भी अपने विचार साझा किए।

